(14)

पत्र सं0–एस0एस0–/जोन विविध/2022–23/ ३०२ /राज्य कर

कार्यालय–आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0।

(संख्या अनुभाग)

लखनऊ : दिनॉक : 8 सितम्बर ,2022

समस्त जोनल अपर आयुक्त
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया उत्तर प्रदेश शासन (राज्य कर अनुभाग–3) के पत्र सं0 1119/11–3–2022 दि0 23 अगस्त 2022 समसंलग्नक पत्र सचिव राज्य योजना आयोग–1 (नियोजन विभाग) के पत्र सं0–(1641/22)17एम(7)/35–आ0–1/2022–7 दि0 09.08.2022 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 100 आकंक्षात्मक विकास खण्ड में केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन कार्य करने हेतु शोधार्थियों के चयन के संबंध में प्रचार–प्रसार की अपेक्षा की गयी है, जिसकी छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि उक्त पत्र की अपेक्षानुसार प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नक – यथोक्त।

भवदीय,

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2508

पृ0प0सं0 व दिनॉक उक्त।

प्रतिलिपि – 1. समस्त अनुभाग अधिकारी राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ/ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को विभागीय नोटिस बोर्ड पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

1119/11-3-22

उत्तर प्रदेश शासन
राज्य योजना आयोग- 1
(नियोजन विभाग)
संख्या-(1641 /22)17एम(7)/ 35-आ-1/2022-7
लखनऊः दिनांकः 09 अगस्त, 2022

SO-3

कार्यालय -ज्ञाप

प्रदेश के युवाओं को सरकार के साथ नीति, प्रबन्धन, क्रियान्वयन, अनुश्रवण के कार्यों में सहभागिता का विशिष्ट अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खण्ड में केन्द्र/ राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन कार्य करने हेतु शोधार्थियों का चयन किया जायेगा। यह कार्य शोधार्थियों द्वारा उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय करते हुए किया जाएगा तथा उक्त कार्य के प्रभावी सम्पादन हेतु योजनाओं का सर्वेक्षण, अध्ययन, प्राथमिक ऑकड़ों का संकलन, अनुश्रवण का कार्य किया जाएगा। शोधार्थियों द्वारा योजनाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों के निराकरण तथा योजनाओं से जनमानस को अपेक्षित लाभ पहुँचाने हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किये जायेंगे, साथ ही शोधार्थियों द्वारा योजना से सम्बंधित नीति निर्धारण, योजना संरचना एवं योजना के कार्यान्वयन से सम्बंधित कार्यों में प्रतिभाग किया जायेगा। मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम हेतु **आनलाईन आवेदन प्रक्रिया वेबसाइट www.cmfellowship.upsdc.gov.in पर दिनांक 10 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ होगी एवं आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 24 अगस्त, 2022 होगी।** उक्त कार्यक्रम के विस्तृत दिशा-निर्देश/ शासनादेश नियोजन विभाग की वेबासाइट www.planning.up.nic.in तथा CMIS Portal पर उपलब्ध है।

उक्त सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश सरकार के विकास कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के इच्छुक प्रतिभाशाली एवं ऊर्जावान युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

वि.स. (CRM) 4204/PS/ST/22

1262/VI/ST/22
DS(S)

(आलोक कुमार) 8/8
सचिव

10/8/22
(नितिन रमेश गोकर्ण)
प्रमुख सचिव
राज्य कर विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

10-08-2022
(सर्वज्ञ राम मिश्र)
विशेष सचिव
राज्य कर विभाग
उ० प्र० शासन।

SO-3 10-8-22

11/8/22

उत्तर प्रदेश शासन।